दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

टूर्नामेंट में 1300 शटलर आज से मचाएंगे धमाल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (5 Oct): जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से छह अक्टूबर से शुरू रहे सनराइज डॉ. अखिलेश दास स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में शुक्रवार से 1353 शटलर शहर में धमाल मचाएंगे. पहले दिन प्रतियोगिता के 400 नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, यह मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हाल के साथ एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज व मेडिकल कॉलेज में सुबह 10 बजे से खेले जाएंगे.

11 तक आयोजन

यह जानकारी गुरुवार को जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने दी. पांच लाख की इनामी प्रतियोगिता छह से 12 अक्टूबर तक खेली जाएगी. प्रतियोगिता में पुरुष एकल 750, पुरुष युगल 222, महिला एकल 270, महिला युगल 95 और मिश्रित युगल में 155 खिलाड़ी एंट्री आयी है. प्रतियोगिता के मुख्य ड्रा के मैच नौ से 11 अक्टूबर तक खेले जाएंगे. 12 अक्टूबर को फाइनल मुकाबले होंगे. इस दौरान टाफ सीडेड खिलाड़ियों में जगदीश के, साई चरण कोया, सिद्धार्थ प्रताप सिंह, यश योगी,कार्तिकेय गुलशन के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं.